Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 19-05-2006

Participants : Dangawas Shri Bhanwar Singh

Title : Problem being faced by farmers in Rajasthan for storage of Mustard Crop.

श्री भँवर सिंह डांगावास (नागौर) : सभापति महोदय, राजस्थान में लाखों की संख्या में किसान परिवार हैं जिनमें करोड़ों की संख्या में लोग रहते हैं। मैं उनकी पीड़ा की ओर आपका ध्यान आकर्ति कराना चाहता हूं। वे किसान सरसों की फसल ज्यादा उगाते हैं। हमें मालूम था कि सरसों के भंडारण और समर्थन मूल्य पर खरीद के लिए मंत्री महोदय टालमटोल करने की बातें करेंगे। मैं और राजस्थान के मेरे सारे सहयोगी मंत्री महोदय के पास गए और उनसे आग्रह किया कि आप इसके लिए व्यवस्था करवा दें। हमारे जो भंडार भरे पड़े हैं, उन्हें खाली करवा दें। अगर आपके पास धन उ पलब्ध नहीं है तो उसकी व्यवस्था भी करवाएं। उन्होंने हमें आश्वासन दिया था कि हम इसे करेंगे। हमने कहा कि अगर आपके पास भंडारण की कोई व्यवस्था नहीं है तो आस-पास के राज्यों में भंडार खाली पड़े हुए हैं। हमारे यहां सहकारी समितियों के भंडारों में अभी खाद और बीज रखे हुए हैं और वे उस समय तक खाली हो जाएंगे, इन्हें भी काम में लिया जा सकता है।

डेढ़ महीने से प्रदेश के प्रत्येक समाचार पत्र में आ रहा है कि किसान आक्रोशित हैं। किसान राट्रीय एवं राज्य मार्गों पर धरना देते हैं, मंडियों में धरना देते हैं। हमारा करोड़ों रुपये का माल मंडियों में बिना बिके पड़ा है। स्थिति यह हो गई है कि यदि आपने कुछ नहीं किया तो स्थिति विकट होगी। खरीद केन्द्रों से टोकन मिलते हैं, उसकी खरीद या भुगतान कई महीने बाद होती है। जिन किसानों ने कर्ज लिया, चाहे राज्य से लिया या व्यापारियों से लिया, उस कर्जे का भुगतान करने के लिए उन्हें अपनी उपज को सस्ते में बेच देना पड़ता है। आज स्थिति यह है कि यदि किसान ज्यादा आक्रोशित व आन्दोलित हुए तो वे आपको और हम सबको ले बैठेंगे।...(व्यवधान) कृपया उनका रायड़ा समर्थन मूल्य पर लेने की व्यवस्था करें।

-

Mr. CHAIRMAN: The House now stands adjourned till 11.00 a.m. on Monday, May 22, 2006.

18.38 hrs.

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock

on Monday, May 22, 2006 / Jyaistha 1, 1928 (Saka).